**SALE NOTICE**

**(In accordance with regulation 33 & Schedule-I of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Liquidation Process) Regulations, 2016)**

| **BHAGWAN MOTORS PRIVATE LIMITED - IN LIQUIDATION**<br>**Liquidator – Mr. Amit Chopra**<br>Address: BCP Jain And Co. E-2/33 Arera Colony, Bhopal, Madhya Pradesh – 462016<br>Email: **cirp.bmpl@gmail.com,** Contact No. 9575993102 | |
|---|---|
| **Sale of Assets under Insolvency and Bankruptcy Code, 2016** | |
| **Particulars** | **E-Auction** |
| **Asset Type** | Plant and Machinery belonging to Corporate Debtor |
| **Date and Time of E-Auction** | 17/01/2024, 03:00 pm to 4:00 pm<br>(With unlimited extension of 5 minutes each) |
| **Submission of Eligibility Documents by the prospective bidders** | From 23/12/2023 to 05/01/2024 |
| **Last date of submission of EMD** | 15/01/2024 |

Sale of Plant and Machinery belonging to **Bhagwan Motors Private Limited - In Liquidation** forming part of Liquidation Estate formed by the Liquidator, appointed by the Hon'ble National Company Law Tribunal, Indore Bench vide order dated 01/09/2023 (order communicated on 03/09/2023). The sale will be done by the undersigned through e-auction service provider i.e. **Linkstar Infosys Private Limited** www.eauctions.co.in

(Amount in INR)

| **Auction Ref.** | **Particulars of the Asset** | **Reserve Price** | **EMD Amount** | **Incremental Value** |
|---|---|---|---|---|
| **E-Auction** | Plant and Machinery belonging to Corporate Debtor – Bhagwan Motors Private Limited | 74,06,267 | 7,00,000 | 1,00,000 |

**Important Note:**

E-Auction will be conducted on "**AS IS WHERE IS**", "**AS IS WHAT IS**" and "**WHATEVER THERE IS BASIS**" and **"WITHOUT RECOURSE BASIS"** through approved service provider i.e. **Linkstar Infosys Private Limited** www.eauctions.co.in

1. The intending bidders, prior to submitting their bid, should make their independent inquiries regarding the title of the assets, dues of local taxes, maintenance charges, if any to satisfy themselves. Further, they have to make their own verification and due diligence of the details of the assets. The above-mentioned assets can be inspected once the eligible bidders are declared with prior appointment by sending email on **cirp.bmpl@gmail.com**

2. The reserve price mentioned above is excluding GST, other taxes, stamp and any other charges, if any applicable on sale.

3. The detailed e-auction process document containing details of the assets, online e-auction Bid Form, Declaration/Undertaking format, general terms and conditions of auction sale are available on website **Linkstar Infosys Private Limited** **www.eauctions.co.in**
4. The date of auction can be modified by Liquidator in the event of any holiday/unforeseen circumstances and the information in this regard shall be made to the bidders accordingly.

AMIT CHOPRA
IBBI/IPA-001/
IP-P00939/
2017-18/11543
INSOLVENCY PROFESSIONAL

Date: 22.12.2023
Place: Bhopal

**Amit Chopra**
Liquidator – Bhagwan Motors Private Limited
Reg. No.: IBBI/IPA-001/IP-P00939/2017-2018/11543
AFA Valid Till: 21.06.2024

## एक नजर



### इंदौर महोत्सव मेला लालबाग में अंतिम कुछ दिन शेष

इंदौर । महोउत्सव मेले में बच्चों के आकर्षण के लिए आधुनिक झूले के साथ , डायनासोर के साथ अन्य वन पर जीवो की श्रृंखला देखने को मिलेगी साथ ही संपूर्ण परिवार के लिए कई तरह के स्टॉल खाने पीने की के स्टाल भी यहां पर उपलब्ध है।
मेले के आयोजक पिंटू लश्करी ने बताया कि मेले के अंदर समपूर्ण पारिवारिक माहौल के अंदर आ रहे परिवारों को सुखद एहसास मिल रहा है उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हम परिवार के साथ बच्चों के लिए कई प्रकार के झूले लगाए गए हैं मेले की अंतिम तिथि 1 जनवरी रहेगी 40 दिन के इस मेला उत्सव में शेष रहे कुछ दिन में क्रिसमस की छुट्टियों को लेकर बच्चों के लिए कई तरह के छोटे छोटे आयोजन भी यहां पर किए जाएंगे मेले के आकर्षण का केंद्र मेले प्रांगण में बने जंगल सफारी को बच्चों ने बहुत अधिक पसंद किया है जिसके अंदर शेर चीते हाथी घोड़े गोरिल्ला व डायनासोर प्रमुख आकर्षण का केंद्र है।

### इंदौर के आदित्य ने केट में हासिल किए 99.83 पर्सेंटाइल



इंदौर। इंदौर के होनहार छात्र आदित्य राठी ने कआ्र में एडमिशन के लिए आयोजित कॉमन एडमिशन टेस्ट (उअळ) में 99.83 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। इस परीक्षा में देशभर के 3.20 लाख स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। पिता पंकज राठी ने बताया कि इस बार उअळ 24 नवम्बर को आयोजित की गई थी। 21 वर्षीय आदित्य की स्कूली पढ़ाई शिशु कुंज में हुई है। उन्होंने 12वीं में 97% अंक हासिल किए थे। आदित्य अभी अहमदाबाद में पढ़ाई कर रहे हैं और बीबीए फाइनल ईयर में हैं। पिता पंकज राठी की एडवर्टाइजिंग एजेंसी है।

### कुख्यात बदमाश ने शराब के लिए किया हमला

इंदौर । खजराना के कुख्यात बदमाश अकरम चीना के खिलाफ पुलिस ने अड़ीबाजी का मुकदमा दर्ज किया है । उसके छोटे भाई की पत्नी ने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता अलीशा निवासी ताज नगर की शिकायत पर अकरम चीना के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है । पीड़िता ने बताया कि वह अपने घर के बाहर बैठी थी तभी आरोपी जो उसका जेठ लगता है उसके पास आया और शराब पीने के लिए 2000 मांगने लगा । अलीशा ने इनकार किया तो आरोपी ने अपशब्द कहते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चला गया ।

# पिता-भाई ने पीट पीट कर मार डाला

## एक्सीडेंट बताकर पुलिस को गुमराह करता रहा परिवार, पोस्टमार्टम में हुआ खुलासा

नगर प्रतिनिधि

इंदौर। खुड़ैल इलाके में रहने वाले एक 28 साल के युवक की मौत के मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। इसमें दो लोगों को आरोपी बनाया है। जिसमें एक मृतक का पिता ओर दूसरा भाई है। दोनो ने एक्सीडेंट बताकर उसका निजी अस्पताल में उपचार कराया। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मिली चोटो की जानकारी के बाद परिवार से पूछताछ की गई। जिसमें पिता पुत्र ने मारपीट की बात कबूली।

खुड़ैल पुलिस के मुताबिक चमनसिंह (28) पुत्र रमेश जाटव निवासी शिवजीराम वाटिका, सनावदिया में उसके पिता रमेश पुत्र लट्ठू जाटव और भाई विजय जाटव ने तिलक नगर के नारायणी अस्पताल में 16 अक्टूबर को उपचार के लिये भर्ती कराया। चमनसिंह का एमवाय में पोस्टमार्टम किया गया। बाद में पीएम रिपोर्ट में अंदरूनी चोट और मारपीट का मामला सामने आया। पुलिस ने जांच की तो पाया कि रमेश और विजय जाटव ने उसके चमनसिंह के साथ मारपीट की। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस को 18 दिसंबर को चमन की पोस्टमार्टम रिपार्ट मिली। रिपोर्ट में शरीर पर चोट के 22 निशान थे। डॉक्टरों के मुताबिक यह चोटें एक्सीडेंट जैसी नहीं थी। पीएम की प्रारंभिक रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि की गई। पुलिस ने सच जानने के लिये पहले परिवार में पिता रमेश से पूछताछ की तो सच सामने नही आया। बाद में चमन की पत्नी और अन्य लोगो से पूछताछ की तो पता चला कि 16 नवंबर की रात में चमन शराब के नशे में अपनी पत्नी से मारपीट कर रहा था। विवाद ज्यादा बढ़ने पर रमेश ओर भाई विजय बचाव के लिये पहुंचे। तीनों में विवाद हुआ। यहां चमन के साथ डंडे और लात घूंसे से मारपीट की।

### पति ने बनाए न्यूड एमएमएस, पत्नी ने किया वायरल

इंदौर । एरोड्रम पुलिस ने एक दंपति के खिलाफ एक युवती की शिकायत पर केस दर्ज किया है। आरोप है की पति ने झांसे में लेकर उससे दोस्ती की इसके बाद उसके न्यूड एमएमएस बनाएं, इधर आरोपी की पत्नी ने उन्हीं वीडियो को वायरल कर दिया और लड़की को जान से मारने की धमकी भी दी है। एरोड्रम पुलिस के अनुसार आरोपी दंपति के नाम राहुल पिता अशोक शुक्ला निवासी मुकेरीपुरा और वर्षा शुक्ला है। एक युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी राहुल लगातार उसका पीछा करता था, बाद में झांसे में लेकर उससे दोस्ती की और वीडियो कॉल कर प्रेम की बातें करता रहा। इसी दौरान आरोपी ने लड़की को झांसे में लेकर उसके निर्वस्त्र फोटो और वीडियो बना लिए। राहुल की पत्नी वर्षा ने पहले तो लड़की को उसके पति से दूर रहने के लिए धमकाया, बाद में उसके निर्वस्त्र फोटो और वीडियो वायरल कर दिए। लड़की ने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

# डायल-100 के ड्राइवर की मौत के मामले में पत्नी-सास और दो सालों पर केस दर्ज

इंदौर। एफआरवी (डायल-100) के ड्राइवर पूनम कश्यप की मौत के मामले में बाणगंगा थाना पुलिस ने पत्नी, सास व सालों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। आरोपित झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर प्रताड़ित करते थे।

पुलिस के मुताबिक, 25 वर्षीय पूनम राजकुमार कश्यप निवासी रफेली चौकी लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन के सामने सराफा थाना की डायल-100 गाड़ी चलाता था। उसकी 19 अप्रैल 2019 को हाथरस (उप्र) निवासी प्रीति से शादी हुई थी। दोनों का एक बेटा भी था। शादी के एक साल बाद ही विवाद होने लगा और प्रीति ने पूनम को धमकाया। बेटे को लेकर मायके चली गई। 19 नवंबर 2020 को पूनम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में बाणगंगा थाना पुलिस ने जांच की और बुधवार को पत्नी प्रीति, सास मुन्नीदेवी और साले प्रदीप सिंह और पवन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।


**Name Change**

I Vaibhavi Kumari Brahmbhatt D/o Piyush Kumar Bhrahmbhatt i hereby declear that i have changed my name to Vaibhavi Brahmbhatt D/o Piyush Brahmbhatt. So from now and future I will be known by my new name Vaibhavi Brahmbhatt D/o Piyush Brahmbhatt.

C-603, Deendayal Upadhyay Nagar Main road Sukhliya, Indore



**कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर म.प्र.**

क्रमांक/850/अ.क.री./2023 :: विज्ञप्ति :: इन्दौर दिनांक 20/12/2023

मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956/ मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 उसके अंतर्गत निर्मित मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 के अधीन एतद द्वारा नगर परिषद- राऊ, तहसील- राऊ, जिला- इन्दौर में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कॉलोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है:-

| अ. क्रं. | कालोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिये विकास अनुमति जारी की गई है | धरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखंडो का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | मेसर्स पुष्पा बिल्डकॉन तर्फे पार्टनर श्री संदीप नागर पिता श्री मनोहरलाल नागर पता:- 407-द मार्क बिल्डिंग, ओल्ड पलासिया, इन्दौर म.प्र. कॉलोनी का नाम "संस्कृति रॉयल सिटी सेक्टर-एम" | नगर परिषद-राऊ तहसील-राऊ, जिला- इन्दौर स्थित भूमि खसरा नंबर 1308/1 रकबा 1.185 हे., खसरा नंबर 1311/1 रकबा 0.156 हे. कुल रकबा 1.341 हे. भूमि पर। | बंधकनामा पंजीयन क्रमांक MP179092023A 12467385 दिनांक 16.10.2023 भूखण्ड क्रमांक क्रमशः 1, 2, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 35, 36, 50, 51, 52, 53, 54, 68, 69, 70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77, 78, 92, 93 तक इस प्रकार कुल 18 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्रफल 1286.75 वर्गमीटर भूमि है। |

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 39 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रूप में बंधक रखे गये हैं अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखंडो का क्रय, विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जावेगा।
(समक्ष प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित।)

अपर कलेक्टर
जिला इन्दौर


# आयरन दवा पीने के बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ी

## सरकारी स्कूल में 5 दिन पहले पिलाई थी; बुखार के साथ चेहरे पर सूजन

इंदौर। एक सरकारी स्कूल परिसर स्थित संजीवनी क्लिनिक में एक बच्चे को आयरन की दवाई मिलने के बाद तबीयत बिगड़ने का मामला सामने आया है। उसे हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है। परिजन का आरोप है कि दवाई लेने के बाद ही बच्चे को रिएक्शन हुआ। फिलहाल उसकी तबीयत ठीक है। हालांकि, डॉक्टर्स भी इस घटनाक्रम से आश्चर्यचकित हैं।

मामला शनिवार को छोटा बांगड़दा स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय का है। यहां दोपहर को बच्चों आयरन की दवाई पिलाई गई। इसके बाद कुछ बच्चों को बुखार आया। इन्हीं में कार्तिक पिता पंकज चौहान (12) जो छठी में पढ़ता है उसकी भी हालत खराब हुई।

पिता ने उसे सीने, पेट और गले में दर्द होने लगा और बुखार भी आया। इसके बाद उसे सोमवार को सरकारी चाचा नेहरू अस्पताल में एडमिट किया गया जहां उसे पीआईसीयू में एडमिट किया गया। अन्य बच्चों को भी इसी तरह के लक्षण के साथ कुछेक को उल्टियां भी हुई। शरीर पर लाल व काले धब्बे पड़ गए और खाने में तकलीफ होने लगी। परिवार का कहना है कि आज बच्चे के पूरे शरीर पर सूजन आ गई है। उधर, स्कूल के प्रभारी अशोक वर्मा ने बताया कि स्कूल परिसर स्थित संजीवनी क्लिनिक की ओर से बच्चों को आयरन की दवाई पिलाई गई थी। उस दौरान मैं गांधी नगर में एक मीटिंग में था। उधर, संजीवनी क्लिनिक की नर्सिंग ऑफिसर देवश्री सोनारे का कहना है कि कलेक्टर के निर्देश पर सभी बच्चों को आयरन की दवाई पिलाई गई। केवल एक छात्र कार्तिक को ही रिएक्शन हुआ जबकि बाकी बच्चों दवाई पीने के बाद से ही अच्छे हैं।


**कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर म.प्र.**

क्रमांक/846/अ.क.री./2023 :: विज्ञप्ति :: इन्दौर दिनांक 20/12/2023

मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956/ मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 उसके अंतर्गत निर्मित मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 के अधीन एतद द्वारा नगर परिषद- राऊ, तहसील- राऊ, जिला- इन्दौर में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कॉलोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है:-

| अ. क्रं. | कालोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिये विकास अनुमति जारी की गई है | धरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखंडो का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | मेसर्स पुष्पा बिल्डकॉन तर्फे पार्टनर श्री संदीप नागर पिता श्री मनोहरलाल नागर पता:- 407-द मार्क बिल्डिंग, ओल्ड पलासिया, इन्दौर म.प्र. कॉलोनी का नाम "संस्कृति रॉयल सिटी सेक्टर-एस" | नगर परिषद-राऊ तहसील-राऊ जिला-इंदौर स्थित भूमि खसरा नंबर 848/2 रकबा 0.319 हे., सर्वे नंबर 849/1 रकबा 0.312 हे., सर्वे नंबर 849/2 रकबा 0. 311 हे., सर्वे नंबर 849/3 रकबा 0.311 हे., सर्वे नंबर 852/1/1, रकबा 0.376 हे., सर्वे नंबर 852/1/2 रकबा 0.377 हे., सर्वे नंबर 859/2 रकबा 0.216 हे., सर्वे नंबर 859/3 रकबा 0.218 हे. कुल रकबा 2.440 हे. भूमि पर। | बंधकनामा पंजीयन क्रं. एमपी179092023ए12467397 दिनांक 16.10.2023 भूखण्ड क्रमांक 11 से 22 तक, 36, 37, 49 से 52 तक, 57, 65, 66, 77, 78, 83, 84, 88 से 98 तक, 127, 152 से 165 तक इस प्रकार कुल 51 जिनका कुल क्षेत्रफल 4798.69 वर्गमीटर भूखण्ड बंधक रखे गये है। |

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 51 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रूप में बंधक रखे गये हैं अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखंडो का क्रय, विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जावेगा।
(समक्ष प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित।)

अपर कलेक्टर
जिला इन्दौर



**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील भिचौलीहप्सी, इन्दौर ( म.प्र. )**
क्रमांक/2745/रीडर/2023
इन्दौर, दिनांक 14.12.2023
प्र.क्र. 1084/अ-6/23-24

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक **मेसर्स साईराम बिल्डकॉन तर्फे पार्टनर श्री राजेश कुमार पिता श्री एम.जी. बनवारी** निवासी 16, फर्स्ट फ्लोर, विजय नगर, महल परिसर, लश्कर, ग्वालियर द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम सनावदिया स्थित भूमि सर्वे नं. 349/2 रकबा 0.289 हैक्टेयर में से पैकी रकबा 0.045 हैक्टेयर भूमि पर राजस्व रिकार्ड में नामांतरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत विनिमय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत की है।
अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वह दिनांक 28.12.2023 तक तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 14.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार, तहसील भिचौलीहप्सी, इंदौर**



**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील भिचौलीहप्सी, इन्दौर ( म.प्र. )**
क्रमांक/2744/रीडर/2023
इन्दौर, दिनांक 14.12.2023
प्र.क्र. 1083/अ-6/23-24

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है **मेसर्स साईराम बिल्डकॉन तर्फे पार्टनर श्री राजेश कुमार पिता श्री एम. जी. बनवारी** तर्फे प्रमाणीकृत मुखत्यार **श्री दीपक पमनानी पिता स्व. श्री अर्जुनदास पमनानी** निवासी 170, पंचवटी वस्त्र नगर, रोशनी घर रोड नगर, लश्कर, ग्वालियर द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम सनावदिया स्थित भूमि सर्वे नंबर 349/2 पैकी रकबा 0.088 हैक्टेयर भूमि राजस्व रिकार्ड में नामांतरण किये जाने का निवेदन प्रस्तुत किया।
अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वह दिनांक 28.12.2023 तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 14.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार, तहसील भिचौलीहप्सी, इंदौर**


# मिल क्षेत्र का ट्रैफिक सुधारने सड़क पर उतरे एमआइसी मेंबर

## लेफ्ट टर्न के आगे दुकानदारों ने खुद की बना ली पार्किंग, हर पल लगता है जाम

इंदौर । मिल क्षेत्र का ट्रैफिक सुधारने को लेकर एमआइसी मेबर कल सड़क पर उतरे। इस दौरान उन्होंने जहां दुकानों के बाहर रोड पर रखे सामान को हटाने का आग्रह व्यापारियों से किया, वहीं उनके सामने लेफ्ट टर्न के आगे दुकानदारों के व्यक्तिगत पार्किंग बनाने और इस कारण यातायात जाम होने का मामला भी सामने आया। इस पर उन्होंने लेफ्ट टर्न के आगे वाहन न खड़े करने की समझाईश देने के साथ कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी।

शहर के बिगड़े ट्रैफिक को सुधारने में नगर निगम लगी हुई है। इसके चलते शहर के मुख्य बाजारों से लेकर मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। साथ ही दुकान के बाहर रोड व फुटपाथ पर रखा सामान जब्त किया जा रहा है। कल लोहार पड़ी और महारानी रोड पर कार्रवाई करते हुए 7 ट्रक सामान जब्त किया गया था। इसके साथ ही मालवा मिल चौराहा से पाटनीपुरा चौराहा तक लगने वाले ट्रैफिक जाम को सुधारने के लिए कल यातायात एवं परिवहन विभाग के प्रभारी राकेश जैन और एमआइसी मेंबर नंदकिशोर पहाड़िया उत्तरे। उनके साथ निगम यातायात एवं परिवहन विभाग के अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा, सहायक यंत्री वैभव देवलासे सहित ट्रैफिक पुलिस के अफसर भी थे।

### व्यक्तिगत पार्किंग के कारण यातायात बिगड़ा

मालवा मिल बौराहा से पाटनीपुरा चौराहा तक लगने वाले यातायात जाम को कैसे सुधारा जा सकता है इसे लेकर प्रभारी जैन और एमआइसी मेंबर पहाड़िया ने व्यापारियों से चर्चा कर उनकी समस्या को जाना। इस दौरान उनके सामने आया कि मालवा मिल चौराहा पर निगम ने जो लेफ्ट टर्न बनाए है उसके आगे दुकानदारों ने अपनी खुद की व्यक्तिगत पार्किंग बना ली है। इस कारण यातायात बिगड़ गया है। ट्रैफिक जाम लगने लगा है।

### लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण को लेकर भी प्लानिंग

इसके साथ ही लेफ्ट टर्न की चौदाई कम होने की समस्या भी सामने आई। मालवा मिल व पाटनीपुरा का यातायात कैसे सुगम होगा? इसको लेकर अब प्रभारी जैन और विभाग के अफसर एक-दो दिन में बैठकर कर ट्रैफिक समस्या का समाधान करेंगे। इस दौरान लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण को लेकर भी प्लानिंग की जाएगी। इसके साथ ही लेफ्ट टर्न के आगे वाहन खड़े करने वाले दुकानदारों को भी समझाया गया है कि गाड़ियां खड़ी न करें वरना कार्रवाई होगी।

### सड़क किनारे से 4 ट्रक सामग्री जब्त की गई

निगम के रिमुव्हल विभाग के प्रभारी बबलु कल्याणे ने बताया कि महापौर की अपील के बाद उनके निदेर्शानुसार निगम द्वारा लगातार इस संबंध में अनाउंसमेंट भी किया जा रहा है, लेकिन दुकानदार इसको हल्के में ले रहे है। बुधवार को नगर निगम के रिमुव्हल और मार्केट विभाग के दल ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए लोहार पट्टी क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा सड़क व फुटपाथ पर रखे गए कोठी, ड्रम, लोहे की सामग्री सहित 3 ट्रक सामग्री जब्त की गई। वहीं महारानी रोड़ से फुटपाथ व सड़क किनारे से 4 ट्रक सामग्री जब्त की गई। निगम ने बुधवार को बम्बई बाजार क्षेत्र में भी अनाउंसमेंट कर दुकानदार/व्यापारियों से सड़क किनारे व फुटपाथ पर सामग्री नहीं रखने की अपील की गई।

### सड़क किनारे व फुटपाथ पर कब्जा

निगम के अमले द्वारा यशवंत निवास रोड़, जंजीर वाला चौराहा, मालगंज, मल्हारगंज, मालवा मिल, पाटनीपुरा, परदेशीपुरा सहित अन्य स्थानों पर ठेले-गुमटी व चार पहिया व दोपहिया वाहनों पर नियमों के विपरित अवैध दुकान निर्मित कर विशेषकर शाम के समय सड़क किनारे व फुटपाथ पर कब्जा कर स्ट्रीट फुड़, ज्यूस-शेक, फल-सब्जी व अन्य खाद्य सामग्री बेचने वालों को भी पिछले कुछ दिनों से लगातार समझाईश दी जा रही है।

# नपा कर्मचारी पर रेप का आरोप

इंदौर। अन्नपूर्णा पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी नगर पालिका महू में कार्यरत है। उसने अन्नपूर्णा में रहने वाली अपनी रिश्तेदार युवती को शादी का झांसा देकर संबंध बनाए। पुलिस ने बुधवार रात केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

अन्नपूर्णा पुलिस के मुताबिक 25 साल की युवती की शिकायत पर पुलिस ने प्रशांत खोड़े निवासी टाल मोहल्ला महू के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसका परिचित है। उसे कई सालों से पहचानती है। आरोपी का इंदौर में उसके घर पर आना जाना है। इस दौरान उसने प्यार की बात करते हुए शादी करने की बात कही। आरोपी ने इस दौरान पीड़ित युवती से संबंध बनाए और उसे कहा कि वह जल्द शादी करेगा। लेकिन बाद में वह बदल गया। इसके बाद पीड़िता काफी समय तक परेशान होती रही। बाद में उसने परेशान होकर मामले में आरोपी प्रशांत के खिलाफ अन्नपूर्णा थाने में केस दर्ज कराया है।


**कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म.प्र.)**

क्रमांक/842/अ.क.री./का.से./2023 -:: विज्ञप्ति ::- इन्दौर, दिनांक 20/12/2023

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद द्वारा ग्राम -पिपल्यामल्हार, तहसील- राऊ, जिला इन्दौर में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कॉलोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है:-

| अ. क्रं. | कालोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिये विकास अनुमति जारी की गई है | धरोहर के रूप में बंधक रखे गये भूखंडो का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | मेसर्स श्रीनाथ बिल्डकॉन तर्फे पार्टनर श्री आशीष जोशी पिता श्री अशोक जोशी पता:- 200-ए, सूर्यदेव नगर, इन्दौर म.प्र. कॉलोनी का नाम "मां गिन्नी विहार एक्सटेंशन" | ग्राम -पिपल्यामल्हार, तहसील-राऊ, जिला इन्दौर स्थित भूमि खसरा नंबर 64/1/1 रकबा 0.788 हे., खसरा नंबर 64/1/2 रकबा 0.095 हे., खसरा नंबर 64/2 रकबा 0.882 हे., खसरा नंबर 64/3/1 रकबा 0.662 हे., खसरा नंबर 64/3/2 रकबा 0.220 हे., कुल किता 05 कुल रकबा 2.647 हे. भूमि पर। | बंधकनामा पंजीकरण क्रमांक एमपी179092023ए12541832 इन्दौर दिनांक 06.11.2023 से भूखण्ड क्रं. 15, 16, 32, 33, 36, 37, 72 से 78 तक, 80, 81, 100 से 103 तक, 123, 125 से 143 तक, 145, 148, 149, 152, 156, एस.आर.-1 से एस.आर.-5 तक इस प्रकार कुल 49 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्रफल 3942 वर्गमीटर भूमि है। |

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 49 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रूप में बंधक रखे गये हैं अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखण्डों का क्रय, विक्रय आगामी आदेश तक नहीं किया जावेगा।
(सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत)

अपर कलेक्टर जिला- इन्दौर



**इंदौर में राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण पीठ के समक्ष**
सीपी (सीएए) संख्या 2023 के 2 में सी ए (सीएए) संख्या 2023 के 2
कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में
और
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 और अन्य लागू प्रावधानों के मामले में
और
सीग्रीन विनकॉम प्राइवेट लिमिटेड और मूनशिन डीलर प्राइवेट लिमिटेड के सेवेनस्टार पॉलीटेक्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ समामेलन की योजना के मामले में।

सीग्रीन विनकॉम प्राइवेट लिमिटेड (CIN U51909MP2008PTC045695)
कंपनियों के प्रावधानों के तहत निगमित एक कंपनी
अधिनियम, 1956, और मध्य प्रदेश राज्य में इसका पंजीकृत कार्यालय दूसरी मंजिल, फ्लैट नंबर 235, अपोलो टॉवर, एम जी रोड, इंदौर – 452001 है। ....याचिकाकर्ता अंतरणकर्ता कंपनी 1
मूनशिन डीलर प्राइवेट लिमिटेड (CIN U51909MP2009PTC045694)
कंपनियों के प्रावधानों के तहत निगमित एक कंपनी
अधिनियम, 1956, और मध्य प्रदेश राज्य में इसका पंजीकृत कार्यालय दूसरी मंजिल, फ्लैट नंबर 235, अपोलो टॉवर, एम जी रोड, इंदौर – 452001 है। .... याचिकाकर्ता अंतरणकर्ता कंपनी 2
सेवनस्टार पॉलीटेक्स प्राइवेट लिमिटेड (CIN U25200MP2013PTC045675)
कंपनियों के प्रावधानों के तहत निगमित एक कंपनी
अधिनियम, 1956, और मध्य प्रदेश राज्य में इसका पंजीकृत कार्यालय प्लाट नं. 208 और 209 इंडस्ट्रियल एरिया, सेक्टर एफ सांवेर रोड, इंदौर-452015 है। ....याचिकाकर्ता ट्रांसफरी कंपनी

**याचिका की सुनवाई की सूचना**

ध्यान दें कि सीग्रीन विनकॉम प्राइवेट लिमिटेड और मूनशिन डीलर प्राइवेट लिमिटेड के सेवनस्टार पॉलीटेक्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ समामेलन की प्रकृति में व्यवस्था की योजना को मंजूरी देने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 और 232 और अन्य लागू प्रावधानों के तहत एक याचिका, याचिकाकर्ता कंपनियों द्वारा 21 अगस्त, 2023 को प्रस्तुत की गई याचिका को 26 अक्टूबर, 2023 को स्वीकार कर लिया गया और उक्त याचिका शुक्रवार, 12 जनवरी, 2024 को माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष सुनवाई के लिए तय की गई है।
कोई भी व्यक्ति जो सुनवाई में याचिका का विरोध करना चाहता है, उसे माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष अभ्यावेदन के रूप में विरोध के आधारों के साथ एक हलफनामा प्रस्तुत करना चाहिए और उसकी एक प्रति याचिकाकर्ता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि को लिखित रूप में देनी चाहिए ताकि याचिका की सुनवाई के लिए निर्धारित तारीख से चार दिन पहले उन तक पहुंच सके, और व्यक्तिगत रूप से या अपने वकील के माध्यम से उपस्थित रह सके। याचिका की एक प्रति किसी भी व्यक्ति को निर्धारित शुल्क का भुगतान करने पर दी जाएगी।

सीग्रीन विनकॉम प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मूनशिन डीलर प्राइवेट लिमिटेड
एसडी/–
हेमेन्द्र सिंह राणावत, निदेशक
डीआईएन : 02349829

सेवनस्टार पॉलीटेक्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
एसडी /–
अमित टिबरेवाल, निदेशक
डीआईएन : 00737775
दिनांक: 21/12/2023 स्थान: इंदौर



**बिक्री सूचना**
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमन 2016 की अनुसूची-I तथा विनियम 33 के अनुपालन में)

**भगवान मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड – परिसमापन में**
**परिसमापक – श्री अमित चोपड़ा**
पता : बीसीपी जैन एंड कं., ई-2/33 एरेरा कॉलोनी, भोपाल, मध्य प्रदेश – 462016
ईमेल : cirp.bmpl@gmail.com, संपर्क क्र. 9575993102
दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता 2016 अंतर्गत संपत्तियों की बिक्री

| विवरण | ई-नीलामी |
|---|---|
| संपत्ति का प्रकार | कॉर्पोरेट कर्जदार के स्वामित्व की प्लांट तथा मशीनरी |
| ई-नीलामी की तिथि एवं समय | 17.01.2024, दोप. 03.00 बजे से सायं. 04.00 बजे (प्रत्येक 5 मिनटों के असीमित विस्तार के साथ) |
| संभावी बोलीकर्ताओं द्वारा पात्रता दस्तावेज जमा करना | 23.12.2023 से 05.01.2024 तक |
| ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | 15.01.2024 |

माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, इंदौर पीठ के आदेश दिनांक 01.09.2023 (आदेश दि. 03.09.2023 को संप्रेषित) द्वारा नियुक्त परिसमापक द्वारा गठित परिसमापन संपदा के भाग स्वरूप **भगवान मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड – परिसमापन अंतर्गत,** के स्वामित्व की प्लांट एवं मशीनरी की बिक्री. अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी सेवा प्रदाता अर्थात **लिंकस्टार इंफोसिस प्राइवेट लिमिटेड** www.eauctions.co.in के जरिये बिक्री की जायेगी.

(राशि आईएनआर में)

| नीलामी संदर्भ | संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | वृद्धिशील मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| ई-नीलामी | कॉर्पोरेट कर्जदार – भगवान मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व के प्लांट एवं मशीनरी | 74,06,267 | 7,00,000 | 1,00,000 |

**महत्वपूर्ण टिप्पणी :**
ई-नीलामी मान्यताप्राप्त सेवा प्रदाता अर्थात लिंकस्टार इंफोसिस प्राइवेट लिमिटेड www.eauctions.co.in के जरिये **"जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", तथा "जो भी वहां है आधार" तथा "बगैर किसी रिकोर्स आधार'** पर संचालित की जायेगी.
1. इच्छुक बोलीकर्ता, अपनी बोली जमा करने से पूर्व अपनी संतोषजनक आश्वस्ति हेतु अनुरक्षण प्रभारों, स्थानीय करों के बकाया, यदि है, संपत्तियों के शीर्षक के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच-पड़ताल करनी चाहिये. साथ ही, उन्हें संपत्तियों के विवरणों के संबंध में अपने तौर पर स्व-प्रमाणन तथा यथोचित परिश्रमपूर्व पड़ताल करनी होगी. पात्र बोलीकर्ताओं की घोषणा के बाद वे **cirp.bmpl@gmail.com** पर ईमेल भेजकर पूर्व निर्धारित समय के अनुसार उपरोक्त निर्दिष्ट संपत्तियों का निरीक्षण कर सकते हैं.
2. उपरोक्त निर्दिष्ट आरक्षित मूल्य जीएसटी, अन्य टैक्सेस, स्टैम्प और अन्य कोई भी प्रभार, जो बिक्री पर यदि लागू है, को छोड़कर है.
3. संपत्तियों के विवरण, ऑनलाइन ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणापत्र/वचनपत्र प्रारूप, नीलामी बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें युक्त विस्तृत ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज वेबसाइट **लिंकस्टार इंफोसिस प्राइवेट लिमिटेड** वेबसाइट www.eauctions.co.in पर उपलब्ध हैं.
4. किसी भी अवकाश/अनपेक्षित परिस्थिति के मामले में नीलामी की तिथि संशोधित की जा सकती है और इस संबंध में जानकारी तद्नुसार बोलीकर्ता को सूचित की जायेगी.

अमित चोपड़ा
परिसमापक-भगवान मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
दिनांक : 22.12.2023
स्थान : भोपाल
पंजी. क्र. : IBBI/IPA-001/IP-P00939/2017-2018/11543



**श्रीओसवाल सीड्स एंड केमिकल्स लिमिटेड**
CIN : L01111MP2017PLC044596 वेबसाईट : www.oswalseeds.com
पंजीकृत कार्यालय : ओसवाल हाउस, बालकवि बैरागी कॉलेज के सामने, नसिराबाद हाईवे, गॉव – कनावटी, नीमच – 458441 (म.प्र.)
फोन : 07423 –297511 ई–मेल : oswalgroups2002@gmail.com

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम से आयोजित होने वाली असाधारण सामान्य बैठक तथा ई–वोटिंग की सूचना**

यह हमारे द्वारा पूर्व में दिनांक 21 दिसंबर 2023 के पेपर प्रकाशन की निरंतरता में है, जिसके अंतर्गत **श्रीओसवाल सीड्स एंड केमिकल्स लिमिटेड** ("कंपनी") के सदस्यों को सूचित किया गया था कि कंपनी अधिनियम, 2013 के लागु प्रावधानों और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा जारी किए गए परिपत्रो जो एक स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना **VC/OAVM** के माध्यम से ईजीएम करने की अनुमति देते हैं के अनुसार सदस्यों की असाधारण सामान्य बैठक ("ईजीएम") को शनिवार, 13 जनवरी, 2024 को दोपहर 12:30 ("आई.एस.टी"), सामान्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विसुअल मीन्स ("ओएवीएम") सुविधा द्वारा ईजीएम सूचना में दिए गए व्यवसायों को लेन –देन करने का निश्चय किया है। एमसीए और सेबी परिपत्रों ने शेयरधारकों को असाधारण सामान्य बैठक ("ईजीएम") की भौतिक प्रतियां छापने और भेजने के संबंध में कंपनियों को छूट दी है।
एमसीए परिपत्रो तथा सेबी परिपत्रो के अनुसार, जिन सदस्यों के ई–मेल पते, कंपनी या रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट या सम्बंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों ("डीपी") के पास पंजीकृत है, उन्हें ई–वोटिंग के साथ वीसी/ओएवीएम सुविधा द्वारा ईजीएम में शामिल होने की प्रक्रिया के विवरण के साथ ईजीएम की सूचना गुरूवार, 21 दिसंबर, 2023 को ई–मेल के माध्यम से भेजी गई है। यह सभी जानकारियाँ कंपनी की वेबसाइट (**www.oswalseeds.com**), स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (**www.nseindia.com**) और सेंट्रल डिपॉजिटरिस सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("सीडीएसएल") (**www.evotingindia.com**) की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
कंपनी के सदस्यों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और उसके तहत लागू कंपनी (प्रबंध तथा प्रशासन) नियमावली, 2014 के यथा संशोधित नियम 20 तथा सेबी (सूची निर्धारण और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 के अनुसार कंपनी ने ईजीएम सूचना तारीख 18 दिसंबर 2023 में दिए संकल्पो पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान के लिए सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा सभी सदस्यों को रिमोट ई–वोटिंग (ईजीएम से पूर्व) तथा ई–वोटिंग (ईजीएम के दौरान) की सुविधा प्रदान की गई है।
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों और उसके तहत निर्धारित प्रासंगिक नियमों के अनुसार विवरण इस प्रकार हैं: –
1. ईजीएम कि सूचना में निर्दिष्ठ व्यवसायों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से निष्पादित किया जायेगा ।
2. दूरस्थ ई–मतदान प्रारंभ करने की तारीख और समय : बुधवार 10 जनवरी 2024 प्रातः 9 बजे से ।
3. दूरस्थ ई–मतदान समाप्त करने की तारीख और समय : शुक्रवार 12 जनवरी 2024 सांय 5 बजे तक।
4. निर्णायक तिथि : शनिवार 06 जनवरी 2024
5. यदि कोई सदस्य ईजीएम सूचना के प्रेषण के बाद कंपनी कि सदस्यता अर्जित करते है तथा निर्णायक तिथि अर्थात शनिवार 06 जनवरी 2024 को शेयर धारित करते है उस परिस्थिति में वह ईजीएम की सूचना में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन कर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं ।
6. शुकवार 12 जनवरी 2024 सांय 5.00 बजे के पश्चात इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ई–वोटिंग कि अनुमति नहीं होगी। ई–मतदान सुविधा शाम 5.00 बजे के पश्चात तत्काल बंद कर दी जाएगी।
7. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान करने की सुविधा ईजीएम में उपलब्ध कराई जाएगी और सभा में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने ईजीएम से पूर्व ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वही सदस्य ई–वोटिंग के माध्यम से सभा में अपने अधिकार का उपयोग करने में सक्षम होंगे।
8. कोई भी सदस्य रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान करने के बावजूद भी इस असाधारण सामान्य बैठक में भाग ले सकते है, लेकिन सभा में उन्हें दोबारा मतदान करने कि अनुमति नहीं दी जाएगी।
9. जिन सदस्यों का नाम निर्णायक तिथि को डिपाजिटरी पार्टीसिपेंस (डीपी) के रजिस्टर में अथवा सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है, वे ही रिमोट ई–वोटिंग के साथ ही साथ असाधारण सामान्य बैठक में मतदान की सुविधा का लाभ उठाने के लिए अधिकृत होंगे।
10. सदस्य द्वारा एक बार किसी प्रस्ताव पर मतदान किए जाने के पश्चात मतदान में परिवर्तन करने की उन्हें अनुमति नहीं दी जायगी ।
11. ईजीएम कि सूचना कंपनी कि वेबसाइट **www.oswalseeds.com** और सीडीएसएल की वेबसाइट **www.evotingindia.com** पर भी उपलब्ध है।
12. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतों के लिए श्री राकेश दलवी, सिनियर मेनेजर, सेंट्रल डिपॉजिटरिस सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल), ए विंग, 25 वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कम्पाउंड, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई – 400013 को संबोधित किया जा सकता है या **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर ईमेल भेजें या टोल नंबर 1800225533 पर कॉल करें।

बोर्ड के आदेश से
श्रीओसवाल सीड्स एंड केमिकल्स लिमिटेड
हस्ते/-
दिलीप पाटीदार
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
ए.सी.एस. 34566

दिनांक : 21 दिसंबर, 2023
स्थान : नीमच
C/o/n/v/e/y